# अध्याय 12. तिरिछ

- : लेखक परिचय :-

→ लेखक- उदय प्रकाश

⇒ जन्म- 1 जनवरी 1952

⇒ जन्म-स्थान- सीतापुर, अनूपपुर, मध्यप्रदेश

→ माता- गंगा देवी

⇒ पिता - प्रेम कुमार सिंह

⇒ शिक्षा- B.SC, M.A. (हिन्दी) सागर विश्वविद्यालय, सागर मध्यप्रदेश से।

⇒ वृति-
(i) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के भारतीय भाषा विभाग में कुछ समय तक अध्यापन का कार्य किये।
(ii) संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश सरकार में विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी बनें।
(iii) दिनमान के संपादन विभाग में कार्य किये हैं।
(iv) संडेमेल (नई दिल्ली) में सहायक संपादक रहें।
(v) प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के टेलीविजन विभाग में विचार और पटकथा प्रमुख रहे हैं।
(vi) टाइम्स रिसर्च फाउंडेशन में पत्रकारिता का अध्यापन कियें।
(vii) अंग्रेजी पत्रिका 'एमिनेंस' का संपादन भी किये हैं।

→ संप्रति (आजकल) -
(i) स्वतंत्र लेखन कार्य कर रहे हैं
(ii) फिल्म निर्माण का कार्य कर रहे हैं।
(iii) अखबारों तथा फिल्मों के लिए भी लेखन कार्य कर रहे हैं।

⇒ क्रतियाँ-

> कहानी
(i) दरियाई घोड़ा (ii) तिरिछ
(iii) और अंत में प्रार्थना (iv) पॉल गोमरा का स्कूटर
(v) पीली छतरी वाली लड़की (vi) दत्तात्रेय के दुख
(vii) अरेबा-परेबा (viii) मोहनदास
(ix) मॅगोसिल

> कविता संग्रह
(i) सुनो कारीगर (ii) अबूतर-कबूतर
(iii) रात में हारमोनियम

> निबंध-आलोचना
(i) ईश्वर की औस

> अनुवाद
(i) कला-अनुभव
(ii) इंदिरा गाँधी की आखिरी लड़ाई
(iii) लाल घास पर नीले घोड़े
(iv) रोक्याँ रोलाँ का भारत

⇒ फिल्म-टी०वी० अनेक धारावाहिकों और T.V. फिल्मों के स्क्रिप्त लिखें। और यह कार्य जारी है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

(1) उदय प्रकाश के लेखन का थह तीसरा दशक चल रहा है।
(2) 1980 के आसपास वें एक कवि के रूप में पाठकों के बीच आये थे।
(3) पिछले बीस वर्षों में लिखी गई श्रेष्ठ हिन्दी कहानीयों में आधा से ज्यादा कहानी उद्ध प्रकाश की है। प्रकाश की है।
(4) यहाँ प्रस्तुत उनकी प्रबिद्ध कहानी तिरिद्ध एक आधुनिक समय की बहुत दुखद कहानी है।
(5) तिरिछ एक विषेला और भयानक जन्तु है।
(6) इस कहानी को 'जादुई यथार्थ' की कहानी भी कहा जाता है।
(7) तिरिछ कहानी मे लेखक के पिताजी 55 वर्ष के थे।
(8) लेखक के पिताजी शहर किस ट्रेक्टर से गये थे।
(9) मास्टर नंदलाल पलड़ा गाँव के निवासी थे।
(10) बैंक के पास बन्नू पान वाले की दुकान थी।
(11) थानेदार राघवेन्द्र प्रताप सिंह को करेले की सब्जी से अरुचि थी।
(12) सरदार सतनाम सिंह ढाबा बन्द करके "आन मिलो सजना फिल्म" देखने चला गया था। यह फिल्म डिलाइट टॉकिज में लगी थी।
(13) तिरिछ एक उत्तर आधुनिक त्रासदी है।


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

(14) इतवारी कालोनी तिरिछ से सम्बन्धित है।
(15) 'तिरिछ' कहानी में पिताजी का नाम रामस्वारथ प्रसाद है।
(16) कहानीकार तिरिछ की लाश को जलाने जंगल में थानू के साथ गया था।
(17) पंडित राम औतार एक ज्योतिष वैद्य थे।
(18) तिरिछ एक प्रतीकात्मक कहानी है।
(19) पिताजी की मृत्यु "मानसिक सदमे और अधिक रक्तस्राव से" हुई थी।
(20) 'तिरिछ' शीर्षक कहानी के अनुसार दशहरे के दिन नीलकंठ पक्षी को जरूर देखना चाहिए।

* कहानी का सारांश **[2016, 2020]**

'तिरिछ' कहानी उदय प्रकाश के द्वारा रचित है। यह कहानी पिता-पुत्र के संबंधों, गाँव के भोलेपन और शहर की क्रूरता के बीच के विरोधाभास को दर्शाती है। यह कहानी लेखक के बचपन के अनुभवों और उसके पिता से जुड़ी एक दुखद घटना पर केंद्रित है। 'तिरिछ' एक अत्यंत विषैली जंतु है, जिसके बारे में गाँव में यह अंधविश्वास प्रचलित है कि उसके काटने पर आदमी की मृत्यु तुरंत हो जाती है। एकदिन लेखक के पिता जी को जंगल में 'तिरिछ' काट लेता है। गाँव वालों के पारंपरिक उपचारों और झाड़-फूंक के बाद, वे उन्हें शहर ले जाते हैं। शहर में उनको बहुत अपमानित किया जाता है जिससे उनका मानसिक स्थिति बिगड़ जाता है। लोग उनकी मदद करने के बजाय उन्हें प्रताड़ित करते हैं। शहर के लोगों का यह क्रूर व्यवहार उनके मानसिक संतुलन को पूरी तरह बिगाड़ देता है और अंततः उनकी मृत्यु हो जाती है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

1. तिरिछ क्या है? कहानी में यह किसका प्रतीक है?

उत्तर- तिरिछ एक बहुत ही जहरीला जन्तु है जो जंगल में रहता है। उसमें काले नाग से भी सौ गुना ज्यादा जहर होता है। कहानी में यह डर और पुरानी रूढ़ियों का प्रतीक है।

2. क्या यहाँ तिरिछ केवल जानवर भर है? यदि नहीं तो उससे आँख क्यों नहीं मिलाना चाहिए?

उत्तर: नहीं, तिरिछ केवल जानवर नहीं है। बल्कि यह पुरानी रूढ़ियों का भी प्रतीक है। उससे सीधे आँख इसलिए नहीं मिलाना चाहिए क्योंकि वह जिसके पीछे एकबार लग जाता है उसे मारकर ही दम लेता है।

3. तिरिछ को जलाने गए लेखक को पूरा जंगल परिचित क्यों लगता है?

उत्तर- लेखक को पूरा जंगल परिचित इसलिए लगता है क्योंकि, वह सपने में कई बार उस जंगल को देख चुका था। तिरिछ से अपना जान बचा चुका था। इसलिए पूरा जंगल जाना-पहचाना लगता है।

4. अब लेखक को तिरिछ का सपना क्यों नहीं आता?

उत्तर- क्योंकि अब लेखक समझ चुका है कि तिरिछ सिर्फ एक सपना नहीं, बल्कि डर और समाज के आतंक का प्रतीक था। जब वह उस डर से बाहर आ गया और सच्चाई जान गया, तो वह सपना भी खत्म हो गया।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. बैंक और थाने के पात्रों का परिचय अपने शब्दों में दीजिए।

उत्तर- कैशियर अग्निहोत्री- डरपोक और संदेह करने वाला व्यक्ति। पिता जी को देखकर डर गया और बिना वजह अलार्म बजा दिया।
चौकीदार थापा- फुर्तीला लेकिन हिंसक व्यक्ति। बिना कुछ पूछे पिता जी को पकड़ लिया और मारने लगा।
असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर मेहता- शांत और समझदार व्यक्ति, लेकिन संवेदनहीन। उसने किसी की मदद नहीं की, बस औपचारिक आदेश दिया।
एस.एच.ओ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह- थानेदार था, जिसे पिता जी की बात समझ नहीं आई। वह खुद परेशान था, इसलिए पिता जी की हालत पर ध्यान नहीं दे पाया। बाद में उसे पछतावा हुआ।

2. लेखक उदय प्रकाश के पिता के चरित्र का वर्णन अपने शब्दों में दीजिए [2020, 2025]

उत्तर- उदय प्रकाश के पिता जी गाँव के सीधे-सादे व्यक्ति थे। वे शांत और मितभाषी थे, कम बोलते थे और झगड़ा-झंझट से दूर रहते थे। उन्हें शहर से डर लगता था, इसलिए वे शहर जाना नहीं चाहते थे। कहानी में उनका व्यक्तित्व लाचार और दयनीय दिखाया गया है। क्योंकि उन्हें पता नहीं था कि उनकी सरलता आधुनिक समय में कमजोर पड़ सकती है। उनके अनुभवों के जरिए कहानीकार ने समाज और न्याय की कठिनाइयाँ दिखाई हैं।


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

सप्रसंग व्याख्यात्मक प्रश्न

1. आदमी भागता है तो जमीन पर वह सिर्फ अपने पैरों के निशान नहीं छोड़ता, बल्कि हर निशान के साथ वहाँ की धूल में अपनी गंध भी छोड़ जाता है। [2014, 2016]

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति उदय प्रकाश के द्वारा रचित 'तिरिछ' कहानी से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना है कि, जब कोई आदमी डरकर भागता है तो जमीन पर अपने पैरों के निशान के साथ अपनी गंध भी छोड़ देता है। तिरिछ उसी गंध के सहारे उसका पीछा करता रहता

2. 'चाँदनी में जो ओस और शीत है उसमें अमृत होता है।' [2017]

उत्तर - प्रस्तुत पंक्ति उदय प्रकाश के द्वारा रचित 'तिरिछ' कहानी से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना है कि, चाँदनी में शीतलता और ओस की बूँदे होती है। जो मनुष्य को अमृत के समान अनुभूति कराता है।

3. " आश्चर्य था कि इतने लंबे अर्से से उसके अड्डे को इतनी अच्छी तरह से जानने के बावजूद कभी दिन में आकर मैंने उसे मारने की कोई कोशिश नहीं की थी।" [2021]

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति उदय प्रकाश के द्वारा रचित 'तिरिछ' कहानी से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना है कि, मैं तिरिछ के ठिकाने को बहुत पहले से जानता था, फिर भी उसे कभी मारने की कोशिश नहीं की। यह मेरे अंदर के डर को दिखाता है। जैसे समाज की बुरी चीजों को जानकर भी हम उसका सामना नहीं कर पाते।

4. "मुझे यह सोचकर एक अजीब सी राहत मिलती है और मेरी फँसती हुई साँसें फिर से ठीक हो जाती हैं कि उस समय पिताजी को कोई दर्द महसूस नहीं होता रहा होगा।" [ 2022, 2025]VVI

उत्तर - प्रस्तुत पंक्ति उदय प्रकाश के द्वारा रचित 'तिरिछ' कहानी से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना है कि, मरते समय पिता जी को दर्द नहीं हुआ होगा। यह उसकी संवेदनशीलता और मन की पीड़ाभाव को दर्शाता है।

वस्तुनिष्ट प्रश्न

1. उदय प्रकाश का जन्म कब हुआ था? (BSEB, 2021)
(A) 1953 (B) 1950 (C) 1954 (D) 1952

2. इनमें से कौन-सी पुस्तक उदय प्रकाश की नहीं है?
(A) दरियाई घोड़ा (B) तिरिछ
(C) मालती फूल गयी (D) अरेब-फरेब

3. पिताजी की अवस्था क्या थी? (BSEB, 2022)
(A) 50 वर्ष (B) 55 वर्ष (C) 60 वर्ष (D) 62 वर्ष

4. पिताजी शहर किस वाहन से गये थे?
(A) लौरी (B) रिक्शा (C) कार (D) ट्रेक्टर

5. मास्टर नंदलाल किस गाँव के निवासी थे?
(A) पलडा (B) टगड़ा (C) दगड़ा (D) झगड़ा

6. बैंक के पास किस पान वाले की दुकान थी ?
(A) बुन्नू (B) चुनू (C) करीम (D) माखन

7. थानेदार राघवेन्द्र प्रताप सिंह को किस सब्जी से अरुचि थी?
(A) लॉकी (B) मूली (C) करेला (D) आलू

8. सरदार सतनाम सिंह ढाबा बन्द करके किस फिल्म को देखने चला गया था?
(A) गजनी (B) मुगले आजम
(C) आन मिलो सजना (D) नदिया के पार

9. यह फिल्म किस टॉकिज में चल रही थी?
(A) बसन्त टॉकिज (B) डिलाइट टॉकिज
(C) मिनवार टॉकिज (D) फिल्म फेयर

10. तिरिछ कहानी को किस नाम से जाना जाता है?
(A) जादुई यथार्थ (B) फेन्टेसी
(C) नई कहानी (D) कुछ भी नहीं

11. एक उत्तर आधुनिक त्रासदी है-
(A) मेंगोसिल (B) सुनो कारीगर
(C) दरियाई घोड़ा (D) तिरिछ

12. 'तिरिछ' कहानी के रचनाकार हैं- (BSEB, 2019)
(A) भोला पासवान शास्त्री (B) सत्यजीत राय
(C) आदोनेल स्मेकल (D) उदय प्रकाश

13. इतवारी कालोनी सम्बन्धित है-
(A) सम्पूर्ण क्रान्ति से (B) तिरिछ से
(C) शिक्षा से (D) सिपाही की माँ से


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

14. 'पॉल गोमरा का स्कूटर' किसकी रचना है? (BSEB,2024)
(A) उदय प्रकाश (B) मलयज (C) अज्ञेय (D) जे. कृष्णमूर्ति
15. 'तिरिछ' कहानी में पिताजी का नाम क्या है?
(A) रामनिहाल प्रसाद (B) रामस्वारथ प्रसाद
(C) रामकिशोर प्रसाद (D) रामबली प्रसाद

16. कहानीकार तिरिछ की लाश को जलाने जंगल में किसके साथ गया था?
(A) शानू (B) भानू (C) थानू (D) कृशानू

17. पंडित राम औतार क्या थे?
(A) ज्योतिषी (B) वैद्य
(C) राजनेता (D) ज्योतिषी और वैद्य

18. कौन-सी कृति उदय प्रकाश की है?
(A) रीछ (B) दरियाई घोड़ा (C) लिहाफ (D) नीली झील

19. कौन-सी कृति उदय प्रकाश की नहीं है ?
(A) पीली छत्तरीवाली लड़की
(B) पॉल गोमरा का स्कूटर
(C) टूटा हुआ पुल
(D) और अंत में प्रार्थना
20. 'तिरिछ' कैसी कहानी है ?
(A) मिथकीय (B) मनोवैज्ञानिक
(C) सांस्कृतिक (D) प्रतीकात्मक
21. 'पिताजी' की मृत्यु कैसे होती है ?
(A) तिरिछ के काटने से (B) धतूरे के जहर से
(C) दुर्घटना से (D) मानसिक सदमे और अधिक रक्तस्राव से
22. 'तिरिछ' क्या होता है?
(A) जंगली साँप (B) दरियाई घोड़ा
(C) भेड़िया (D) विषखापर (जहरीला लिजार्ड)
23. 'अरेवा-परेबा' उदय प्रकाश की कैसी कृति है?
(A) उपन्यास (B) कहानी-संग्रह
(C) कविता-संग्रह (D) इनमें से कोई नहीं
24. 'तिरिछ' को कैसी कहानी माना जाता है?
(A) आदर्शवादी कहानी (B) आदर्शोन्मुख कहानी
(C) जादुई यथार्थ की कहानी (D) बिंबात्मक कहानी
25. 'तिरिछ' कहानी की केन्द्रीय घटना का सम्बन्ध किससे है?
(A) कहानीकार से (B) कहानीकार की माँ से
(C) कहानीकार के पिता से (D) कहानीकार के मित्र से
26. 'तिरिछ' किस प्रकार की रचना है? (BSEB, 2021)
(A) आधुनिक त्रासदी (B) सुखान्त की
(C) हँसी लाने वाली (D) आधुनिक कामेडी
27. उदयप्रकाश की रचना का नाम क्या है? (BSEB,2023)
(A) शिक्षा (B) तिरिछ (C) जूठन (D) प्रगीत और समाज

28. 'तिरिछ' शीर्षक कहानी के कहानीकार के अनुसार दशहरे के दिन किस पक्षी को जरूर देखना चाहिए ? (BSEB, 2024)
(A) मैना (B) तीतर (C) नीलकण्ठ (D) कबूतर

1. 'तिरिछ' के रचनाकार हैं- [2024A, 2018A, 2019A]
(A) भोला पासवान शास्त्री (B) सत्यजीत राय
(C) ओदोनेल स्मेकल। (D) उदय प्रकाश

3. उदयप्रकाश की रचना का नाम क्या है? [2023A]
(A) शिक्षा (B) तिरिछ (C) जूठन (D) प्रगति और समाज

4. उदय प्रकाश की माता का नाम क्या है? [2023A]
(A) गंगा देवी (B) मकुंदी देवी
(C) बागेश्वरी देवी (D) बच्चन कौर

5. 'तिरिछ' शीर्षक कहानी के कहानीकार के अनुसार दशहरे के दिन किस पक्षी को जरूर देखना चाहिए? [2024A]
(A) मैना (B) तीतर (C) नीलकंठ (D) कबूतर

6. 'पॉल गोमरा का स्कूटर' किसकी रचना है? [2024A]
(A) उदय प्रकाश (B) मलयज (C) अज्ञेय (D) जे० कृष्णमूर्ति


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.